भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3752
दिनांक 25.03.2026 को उत्तरार्थ

ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर ग्राम पंचायत विकास योजनाएं (जीपीडीपी)

3752 श्री मोहम्मद नदीमुल हकः

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान ग्राम पंचायत विकास योजनाएं (जीपीडीपी) तैयार करने वाली और उन्हें ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर अपलोड करने वाली ग्राम पंचायतों की संख्या कितनी है; और
(ख) वित्त वर्ष के भीतर वास्तव में पूर्ण किए गए अनुमोदित कार्यों का प्रतिशत कितना है?

उत्तर

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) पंचायत, "स्थानीय स्वशासन" होने के नाते, राज्य का विषय है। तथापि, पंचायती राज मंत्रालय, ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) फ्रेमवर्क के माध्यम से विकास कार्यों की विकेंद्रीकृत योजना और प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है। ग्राम पंचायतें अपनी जीपीडीपी तैयार करके ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर अपलोड करती हैं, जो पंचायत गतिविधियों की योजना, बजट, लेखांकन और निगरानी के लिए एक व्यापक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के रूप में कार्य करता है।

ग्राम पंचायत योजना का निर्माण ग्राम सभाओं की सहभागितापूर्ण प्रक्रिया के माध्यम से वार्षिक रूप से किया जाता है, और इन योजनाओं में विभिन्न केंद्रीय और राज्य योजनाओं के समन्वय से कार्यान्वित किए जाने वाले कार्य और गतिविधियाँ शामिल होती हैं।

ईग्रामस्वराज पर जीपीडीपी तैयार करने और अपलोड करने वाली ग्राम पंचायतों की संख्या का विवरण:

वित्तीय वर्ष	ग्राम पंचायतों की कुल संख्या	जीपीडीपी तैयार करने और अपलोड करने वाली ग्राम पंचायतों की संख्या
2023-24	262262	255256
2024-25	262609	255608
2025-26	264209	255173

(ख) जैसा कि ऊपर उल्लेखित है, पंचायती राज संस्थाएं "स्थानीय स्वशासन" के अंतर्गत आती हैं, जो राज्य का विषय है। अतः स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन की स्थिति की निगरानी संबंधित राज्य सरकारों द्वारा की जाती है।

हालांकि, ग्राम पंचायतें अपने ग्राम पंचायत विकास योजनाएं (GPDPs) ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर तैयार कर अपलोड करती हैं, जो पंचायत गतिविधियों की योजना, बजट, लेखांकन तथा निगरानी के लिए एक समग्र डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है।

ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा स्वीकृत कार्यों का क्रियान्वयन विभिन्न चरणों में है। तथापि, ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर उपलब्ध परियोजनाओं की पूर्णता की स्थिति वास्तविक प्रगति को सही रूप से प्रतिबिंबित नहीं करती है, क्योंकि ग्राम पंचायत स्तर पर इसे नियमित रूप से अद्यतन नहीं किया जाता है। इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई परियोजनाओं का क्रियान्वयन प्रायः अगले वर्ष तक जारी रहता है।

****